सीबीएसई 10वीं और 12वीं की परीक्षा का रिजल्ट

# राजधानी के विद्यार्थियों का प्रदर्शन उत्कृष्ट



## डीपीएस की पवनी ने 99.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किया



**रांची।** भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी और आईजी प्रभात कुमार की बेटी पवनी कुमारी ने मैट्रिक की परीक्षा में 99.4 प्रतिशत अंक लाकर रांची का मान बढ़ाया है। पवनी डीपीएस की छात्रा है। उसकी इस उपलब्धि पर परिवार के लोग गर्व से फूले नहीं समा रहे हैं और बड़ी संख्या में उन्हें जानने वाले लोग उन्हें बधाइयां दे रहे हैं।

## बर्लिन पब्लिक स्कूल : 10वीं का रिजल्ट शत प्रतिशत

**रांची।** कांके रोड स्थित बर्लिन पब्लिक स्कूल का दशवीं कक्षा के छात्र-छात्रों का परिणाम शत् प्रतिशत रहा। विद्यालय से कुल 158 छात्र परीक्षा में शामिल हुए थे। सभी का परिणाम शत् प्रतिशत रहा। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक डॉ. बिरसा उरांव ने छात्र-छात्राओं को बधाई दी, और उनके उज्जल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय के सचिव मनोज उरांव एवं प्राचार्य सत्येन्द्र सिंह ने भी छात्रों को बधाई दी।

## डीएवी हेहल के विद्यार्थियों ने 10वीं और 12वीं की परीक्षा में किया बढ़िया प्रदर्शन

**वाणिज्य संकाय की मान्या गोयल को 98.4 % मार्क्स**

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** डीएवी हेहल के छात्रों का दसवीं में एवं बारहवीं के तीनों संकाय में उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। प्राचार्य एसके मिश्रा के अनुसार कक्षा बारहवीं के विज्ञान संकाय के जया कुमारी, रिद्धिमा शाह एवं प्रिंस पटवा को 95 प्रतिशत से अधिक मार्क्स प्राप्त हुआ है। वहीं, वाणिज्य संकाय के मान्या गोयल को 98.4 प्रतिशत प्राप्त हुआ है। इसके अलावा रोहित राज व आकांक्षा वर्मा 96 प्रतिशत से अधिक मार्क्स मिला है। कला संकाय के आन्या सिन्हा 98 प्रतिशत, लावण्या कुमारी 97 प्रतिशत एवं प्रिया शर्मा 96.8 प्रतिशत अंक मिला है। कक्षा बारहवीं की परीक्षा में डीएवी हेहल के 655 विद्यार्थी सम्मिलित हुये थे। जिसमें 113 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत एवं उससे अधिक एवं 417विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक व 606 विद्यार्थियों ने 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये।

रिद्धिमा शाह ने जीव विज्ञान में 98 अंक, आन्या सिन्हा ने भूगोल, इतिहास राजनीति शास्त्र में 99 अंक पाया है। कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। ईशान कुमार 97.6 प्रतिशत के साथ स्कूल टॉपर बने। इस परीक्षा में 492 विद्यार्थी सम्मिलित हुये थे। जिसमें 102 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत एवं उससे अधिक एवं 283 विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक व 428 विद्यार्थियों ने 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये। ईशान कुमार ने गणित एवं सामाजिक विज्ञान में 100 अंक, प्रिंस डे ने सामाजिक विज्ञान में 100 अंक, अभिनव आनन्द ने गणित में 100 अंक, अभिनव कुमार सिंह ने संस्कृत में 100 अंक अर्जित किये हैं। एमके सिन्हा ने कहा कि यह सब शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन एवं माता-पिता के सहयोग का परिणाम है।

## टेंडर हार्ट स्कूल के अनिमेष झा और प्रियानी गुप्ता स्कूल टॉपर



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीबीएसई 10वीं व 12वीं की परीक्षा में टेंडर हार्ट स्कूल के विद्यार्थियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। 12 वीं की परीक्षा में कुल 264 परीक्षार्थी शामिल हुए। जिसमें 82 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। साइंस में 59 एवं आर्टस में 23 विद्यार्थियों को 90 फीसदी अंक मिले हैं।

10वीं की परीक्षा में स्कूल के अनिमेष झा व प्रियानी गुप्ता ने 98 फीसदी अंक पाकर स्कूल टॉपर बने। परीक्षा में 348 विद्यार्थियों में 122 को 90 फीसदी अंक मिले। टेंडर हर्ट की प्राचार्या उषा किरण झा ने बताया कि स्कूल का रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा। सभी परीक्षार्थी प्रथम श्रेणी से उतीर्ण हुए हैं। प्राचार्या ने विद्यार्थियों, अभिभावकों को बधाई दी है।

**कांके रोड स्थित कैंब्रियन पब्लिक स्कूल के बच्चों ने लहराया परचम**

## श्वेतांजलि श्रीवास्तव 98% अंकों के साथ स्कूल टॉपर, 150 विद्यार्थियों को मिला डिस्टिंक्शन

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** कैंब्रियन पब्लिक स्कूल, कांके रोड के विद्यार्थियों ने दसवीं की परीक्षाफल में परचम लहराया है। श्वेतांजलि श्रीवास्तव 98% अंकों के साथ विद्यालय की टॉपर रही। अर्णव सिन्हा और मान्या वर्णवाल 97% अंकों के साथ द्वितीय, कृष कुमार गुप्ता 95.2% अंकों के साथ तृतीय, श्रेया नायक और आदित्य राज खन्ना 95 प्रतिशत अंकों के साथ संयुक्त रूप से चौथे तथा मोहक कुमार, सोनाली कुमारी और आयुष कुमार सिंह पांचवे स्थान पर रहे। इस सत्र में विद्यालय से 185 विद्यार्थी दसवीं की परीक्षा में शामिल हुए, जिनमें तीस से ज्यादा विद्यार्थियों को नब्बे प्रतिशत से अधिक अंक मिला है। 150 विद्यार्थी डिस्टिंक्शन अंक के साथ उत्तीर्ण हुए। तीन विद्यार्थियों को सामाजिक विज्ञान, एक को मैथ्स स्टैंडर्ड तथा एक को इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी में शत प्रतिशत अंक मिला। प्राचार्य डॉ. नीता पांडेय ने सभी सफल छात्रों को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि दसवीं का परीक्षाफल काफी अच्छा रहा। उन्होंने परीक्षाफल पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि यह बच्चों, शिक्षकों और अभिभावकों के मेहनत का परिणाम है।

## 12वीं साइंस में प्रत्युष को मिला 91.4 प्रतिशत



**रांची।** सीबीएसई 2023 की 12वीं परीक्षा में डीएवी हेहल के प्रत्युष कुमार ने 91.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने स्कूल का नाम रौशन किया। इसे इंग्लिश कोर में 85, मैथ्स में 91, फिजिक्स में 93, केमिस्ट्री में 86, कंप्यूटर साइंस में 92 और फिजिकल एजुकेशन में 96 अंक प्राप्त हुआ। इसकी सफलता पर दादा विजय सिंह, दादी हेमावंती देवी, पिता प्रभात सिंह, माता संयुक्ता देवी, चाचा विपिन सिंह, चाची गुड़िया सिंह समेत डीएवी स्कूल हेहल के प्राचार्य और शिक्षकों ने सफलता पर बधाई दी है।

## सीबीएसई 12वीं की परीक्षा में एसआर डीएवी पुंदाग के विद्यार्थियों का शत प्रतिशत रिजल्ट

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीबीएसई बारहवीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम आते ही एस.आर. डी.ए.वी. पुंदाग के विद्यार्थियों के चेहरे खिल गए। इस बार भी परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। सभी विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विज्ञान, वाणिज्य तथा कला संकाय के सभी विद्यार्थियों ने सफलता के परचम लहराया। विज्ञान संकाय में अभिषेक कुमार ने 96.4, सृष्टि श्रेया ने 94.4 तथा शुभम चौधरी ने 94.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वाणिज्य संकाय में शिवम कुमार ने 94.8 तथा कला संकाय वेदिका शर्मा ने 92.2 प्रतिशत अंकों के साथ सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। 21 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त करके विद्यालय का मान बढ़ाया। इक्यानवे विद्यार्थियों ने डिस्टिंशन के साथ सफलता प्राप्त किया।

**दसवीं में अभीप्सा हाजरा 98.4 % अंकों के साथ बनी स्कूल टॉपर :** वहीं दसवीं बोर्ड की परीक्षा में हर बार की तरह इस बार भी परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। सभी विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पिछली बार की तुलना में इस बार का परिणाम बेहतर रहा। यह विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत का सुखद परिणाम रहा। अभीप्सा हाजरा ने 98.4% अंकों के साथ प्रथम, आयुष सोनी ने 98.2% अंकों के साथ द्वितीय तथा अभिनव आनंद ने 97.6% अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। आठ विद्यार्थियों ने 95% से अधिक, उनतीस विद्यार्थियों ने 90% से अधिक तथा 104 विद्यार्थियों ने डिस्टिंक्शन प्राप्त करके विद्यालय का गौरव बढ़ाया। झारखण्ड जोन जी एवम सी के एआरओ अरूण कुमार एवं प्राचार्य संजीत कुमार मिश्र ने सभी विद्यार्थियों को उनकी सफलता के लिए बधाई तथा शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह तो सफलता की पहली सीढ़ी है। यहीं से मंजिल तक के सफर की शुरूआत होती है।

## शारदा ग्लोबल स्कूल का उत्कृष्ट प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता





**रांची।** कांके स्थित शारदा ग्लोबल स्कूल के छात्रों ने 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय के चेयरमैन संजय शारदा, डायरेक्टर दीपक बंका, अनुज रंजन, डायरेक्टर एकेडमिक रंजना स्वरूप, प्रिंसिपल जसमीत कौर ने छात्रों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की है। स्कूल के 12वीं टॉपर्स में साइंस स्ट्रीम से रोशन कुमार गुप्ता 94.2%, अनमोल 94%, तुषार राज 92.8%, प्रकाश 92%, कॉमर्स में रिची 96.4%, अनमोल 90.6% पाया। वहीं कक्षा 10वीं के स्कूल टॉपर में रिशान सिंह 97.8%, सक्षम राज सिंह ने 96.2%, सौम्या पांडे 94% लाकर टॉप स्थान हासिल किया। विद्यालय के डायरेक्टर एकेडमिक रंजना स्वरूप ने कहा कि सफलता के लिए दिन रात सही दिशा में कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। विद्यालय की प्रिंसिपल जसमीत कौर ने कहा कि कभी हार ना मानने की आदत एक दिन आप को सफल बना सकती है।

## डीएवी आलोक के सौगात 10वीं में स्कूल टॉपर




**रांची।** पुंदाग स्थित डीएवी आलोक पब्लिक स्कूल के छात्रों ने दसवीं में शानदार सफलता अर्जित की है। सौगात 95.5% के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान पर रहे। द्वितीय स्थान पर गीतिका रानी 94% के साथ और तृतीय स्थान पर शिवम वर्मा नंदी 91% के साथ टॉप पर रही। इस बार इस स्कूल के शत प्रतिशत छात्रों में सफलता अर्जित की है। छात्रों की सफलता पर स्कूल के प्राचार्य डॉ अशोक कुमार ने कहा कि यह हमारे छात्रों एवं शिक्षकों की कड़ी मेहनत का परिणाम है।

उन्होंने कहा कि हमारे विद्यालय में प्रायः औसतन बच्चे नामांकन लेते हैं। हमारे शिक्षक उनकी प्रतिभा को कड़ी मेहनत के साथ में निखारते हैं और इस वर्ष का परिणाम पिछले वर्ष की तुलना में सर्वोत्तम रहा है। सभी छात्रों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं।

## विकास पब्लिक स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत




**रांची।** सीबीएसई द्वारा आयोजित सत्र 2023 की वार्षिक परीक्षा में विकास पब्लिक स्कूल पुंदाग रांची के विद्यार्थी शत-प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण हुए। नाजिया परवीन 91.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, तस्नीन ऑफिया 86.2 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान तथा जगदीश महतो 83 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किए। विद्यालय के निदेशक संजय कुमार ने बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए बधाई दी।

**सरला बिरला स्कूल के स्टूडेंट्स ने एआईएसएससीई 2023 में किया बेहतर प्रदर्शन**

## ऋत्विका खैतान 98.6% लाकर स्कूल टॉपर, सक्षम गोयल को 98.4% अंक

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने एआईएसएससीई 2023 की परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। कॉमर्स स्ट्रीम में ऋत्विका खैतान ने 98.6% अंक लाकर स्कूल टॉपर बनी है। आयुषी गोपालका और अंजना प्रकाश ने 97.4 अंक हासिल किए। राजदीप दास गुप्ता ने भी कॉमर्स स्ट्रीम में 96.8% अंक प्राप्त किया। अनमोल जैन और वेदांश लखानी ने 96.2% अंक प्राप्त कर साइंस स्ट्रीम में टॉप किया है। इस प्रकार कुल मिलाकर 46 छात्रों ने 90% से अधिक एग्रीगेट अंक प्राप्त किए तथा 428 छात्रों ने विभिन्न विषयों में 90% से अधिक अंक लाकर सफलता की नई ऊंचाइयों को छुआ है।

विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने विद्यार्थियों द्वारा परीक्षा के लिए किए गए प्रयास की प्रशंसा की। साथ ही उन्होंने शिक्षकों और अभिभावकों को भी बधाई दी और कहा कि यह उनके निरंतर और अथक प्रयास का ही परिणाम है।

**सक्षम गोयल को मिला 98.4% अंकों :** सरला बिरला पब्लिक स्कूल के सक्षम गोयल को 98.4% अंक हासिल हुआ है। वहीं सुहानी सिंह ने 98.2%, अनिमेष राज ने 96.6% तथा आरुष भाटिया और सिमरन ने 96.4% अंक प्राप्त किए। कुल 77 छात्रों ने 90% से अधिक एग्रीगेट अंक प्राप्त किए और 591 छात्रों ने विभिन्न विषयों में 90% से अधिक अंक प्राप्त किए।

बच्चों की सफलता पर प्राचार्या परमजीत कौर ने खुशी जाहिर की है। शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि छात्रों ने अपने निरंतर प्रयासों और समर्पण के कारण शानदार प्रदर्शन किया है। इसमें उनके माता-पिता और शिक्षकों का सहयोगा मिला। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## एल ए गार्डेन हाई स्कूल, सामलौंग घाट रोड का 12वीं का रिजल्ट शत प्रतिशत

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** एल ए गार्डेन हाई स्कूल, सामलौंग घाट रोड का 12वीं का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। आयुष कुमार सिंह 95% अंक के साथ विज्ञान में स्कूल टॉपर बने। वाणिज्य संकाय में बबलू कुमार ने 93% अंक और कला संकाय में सना परवीन 72.4% अंक लाकर टॉपर रहे। प्राचार्य आशा गुप्ता ने परीक्षाफल को संतोषजनक बताया। सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा की यह उपलब्धि आपकी यात्रा का सिर्फ एक कदम है।

**कक्षा 12वी विज्ञान टॉपर लिस्ट**

1. आयुष कुमार सिंह : 95%
2. मोहित कुमार : 93%
3. कौशवी राज : 92.2%
4. दीपा प्रिया : 92%
4. निदा परवीन: 92%
5. वैभव मिश्रा : 90%
5. नंदिता प्रकाश : 90%
5. श्रेयश पाठक : 90%
5. मयंक शर्मा: 90%

**कक्षा 12वी वाणिज्य टॉपर लिस्ट :**

1. बबलू कुमार : 93%
2. प्रियांशु कुमार : 89.4%
3. मुकेश महतो: 89%
4. डोरीन डेविड: 84.4%
4. शमा परवीन: 84.4%

**कक्षा 12वी कला टॉपर लिस्ट :**

1. सना परवीन: 72.4%
2. गोलू राम तिग्गा: 70%
3. अंकिता गुप्ता: 66.4%
4. अनुकल्प: 64%
4. रितिका कुमारी: 60%

# देश में गंगा-जमुनी संस्कृति को खत्म नहीं होने देगा राजद : जयप्रकाश यादव

## परिचर्चा में वक्ताओं ने कहा- बाबा साहेब के विचारों को हमें गांव-गांव तक ले जाना है

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान पर शुक्रवार को झारखंड प्रदेश राजद कार्यालय में परिचर्चा का आयोजन किया गया। परिचर्चा में प्रदेश राजद के झारखंड प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव ने कहा कि बाबा साहेब के विचारों को सिद्धांतों को, हमें गांव-गांव तक ले जाना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान केंद्र सरकार में संसदीय लोकतंत्र पर हमला हो रहा है। लालू यादव के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनता दल केंद्र सरकार के मंसूबे को कामयाब नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के विचारों को हम जिला अनुमंडल प्रखंड पंचायत गांव तक ले जाने का काम करेंगे। उसके लिए विचार गोष्ठी करेंगे। जहां बाबा साहब के साथ डॉ राम मनोहर लोहिया, जननायक कपूर्री ठाकुर, महात्मा फुले सावित्रीबाई को याद करेंगे।

**बाबा साहेब के संविधान को खत्म करना चाहती है भाजपा :** राजद के राष्ट्रीय महासचिव भोला प्रसाद यादव ने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान को भाजपा समाप्त करना चाहती है। आजादी के पूर्व जो शासन होता था वह वर्ण व्यवस्था के तहत होता था, आज मनुवादी प्रवृत्ति के लोग इस देश को उसी ओर ले जाना चाहते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं संचालन प्रदेश राजद अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने किया।

कार्यक्रम में पूर्व मंत्री सुरेश पासवान, राधा कृष्ण किशोर, पूर्व सांसद घूरन राम, सुभाष प्रसाद यादव, रंजन यादव, श्यामदास सिंह, अनिता यादव, डॉ मनोज कुमार, रानी कुमारी, लक्ष्मण यादव, घनश्याम चौधरी, कमलेश यादव, इरफान अंसारी, विजय राम, साहिल साहिन, सुनीता चौधरी, विक्रम यादव, अंजल किशोर सिंह, रामकुमार यादव, विनोद यादव, सुनीता चौधरी, अरशद अंसारी, रमेश यादव, तारापदो ढीबर, प्रदेश के नेता, जिलाध्यक्ष सहित सैकड़ों नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# राजधानी में युवती की गोली मार कर हत्या

## प्रेम प्रसंग में हत्या होने की आशंका, नवादा की रहनेवाली थी युवती

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

### रांची के एक हॉस्टल में रह कर पढ़ाई करती थी

**रांची।** अरगोड़ा थाना क्षेत्र में एक युवती की गोली मारकर हत्या कर दी गगयी। युवती (निवेदिता) मूल रूप से बिहार के नवादा की रहनेवाली है और रांची में एक हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करती थी। शुक्रवार की शाम को अपने हॉस्टल की तरफ लौट रही थी। इसी दौरान बाइक पर सवार अपराधियों ने उसे गोली मार दी। स्थानीय लोगों ने तुरंत अरगोड़ा थाने को दी। पुलिस को सूचना मिलते ही आनन-फान में उसे पीसीआर वाहन से अस्पताल पहुंचाया। इलाज के क्रम में डॉक्टरों ने निवेदिता (20) को मृत घोषित कर दिया। गोलीबारी की घटना के बाद सिटी एसपी शुभ्रांशु जैन, हटिया डीएसपी राजा मित्रा, अरगोड़ा थानेदार विनोद प्रसाद पहुंचे।

**प्रेम प्रसंग में हत्या की आशंका :** आशंका जतायी जा रही है कि प्रेम प्रसंग को लेकर हुए विवाद में युवती की हत्या की गयी है। युवती इक्कीफाई यूनिवर्सिटी में बीबीए अंतिम फाइनल की छात्रा थी। 14 मई को वह हॉस्टल खाली कर बिहार के नवादा जाने की तैयारी में जुटी थी। इस गोलीकांड में उसकी सहेली भी जख्मी हो गयी है। जख्मी सृष्टि ने पुलिस को बताया कि 20 जून को निवेदिता नयन का जन्मदिन था। वह शनिवार को अपने घर जाने वाली थी। शताब्दी एक्सप्रेस में उसका टिकट भी कट चुका था। गोली लगते ही निवेदिता जमीन पर गिर पड़ी। फायरिंग की आवाज सुनकर आसपास के लोगों ने अपराधियों को खदेड़ा भी, लेकिन अपराधी तेज रफ्तार बाइक चलाकर मौके से फरार हो गये। हटिया डीएसपी राजा मित्रा ने बताया कि निवेदिता के पिता सिद्धेश्वर प्रसाद को सूचना दे दी गयी है। जानकारी के अनुसार अपराधियों ने निवेदिता को तीन गोलियां मारी थी। गोली लगने से गंभीर अवस्था में ही निवेदिता को अस्पताल भेजा गया था, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी।

# सदर अस्पताल में पहली बार दूरबीन विधि से हुआ हर्निया का ऑपरेशन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** सदर अस्पताल रांची ने शुक्रवार को एक और उपलब्धि हासिल की। पहली बार दूरबीन विधि के द्वारा लेप्रोस्कोपिक वेंट्रल हर्निया का ऑपरेशन किया गया। अस्पताल के मॉड्यूलर ओटी में सिविल सर्जन के मार्गदर्शन में एक अंबिलिकल हर्निया के मरीज का दूरबीन विधि के द्वारा आईपोम प्लस ऑपरेशन किया गया। यह एक एडवांस लेप्रोस्कोपिक सर्जरी मानी जाती है। सर्जन डॉ अजित कुमार ने बताया कि इस सर्जरी में छोटे-छोटे तीन पोर्ट के मदद से दूरबीन विधि के द्वारा पेट के अंदर से छेद को पहले बंद किया जाता है, उसके बाद पेट के अंदर से ही उस बंद छेद के ऊपर कंपोजिट मेस(जाली) लगाया जाता है। इस तरह से पेट के छेद को दो स्तर पर बंद किया जाता है। जिससे की मजबूती काफी बढ़ जाती है और दोबारा हर्निया होने का खतरा ओपन विधि के तुलना में काफी कम होता है। इस ऑपरेशन के बाद मरीज बहुत जल्दी वापस अपने नियमित काम पर लौट सकता है और मरीज की छुप्ती भी जल्दी हो जाती है। सर्जरी टीम में डॉ अजीत कुमार के अलावा एनएसथेटिस्ट डॉ दीपक कुमार एवं डॉ विकास शामिल थे।

# कृषि आधारित केंद्रीय योजनाओं की स्वीकृति अब एकल समिति ही करेगी

## अलग-अलग बनी समिति समाप्त, योजनाओं के क्रियान्ययन में आएगी तेजी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में कृषि कार्य आधारित विभिन्न केंद्रीय योजनाओं की स्वीकृति के लिए अलग-अलग से बनी कमेटी से संबंधित अधिसूचनाओं और आदेशों को विलोपित करते हुए सभी योजनाओं के लिए मुख्य सचिव झारखंड की अध्यक्षता में एकल समिति,स्टेट लेबल स्टीयरिंग कमेटी का गठन किया गया है। इस संबंध में कृषि विभाग ने अधिसूचना जारी कर दिया है। भारत सरकार के कृषि मंत्रालय के सचिव के दिशा-निर्देश के आलोक में यह कार्य किया गया है। इससे अब हर योजनाओं के लिए अलग-अलग समिति के पास जाने की जरूरत नहीं होगी। एक बार में योजनाओं की मंजूरी मिल जायेगी।

ज्ञात हो कि राज्य में कृषि विभाग के द्वारा संचालित विभिन्न केंद्रीय योजनाओं जिसमें राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, फूड एंड न्यूट्रिशन क्यिूरिटी, एग्रीकल्चर एक्सटेंशन, इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट ऑफ हार्टिकल्चर आदि की योजनाओं की स्वीकृति अब एकल समिति के द्वारा ही की जायेगी। समिति के अध्यक्ष सीएस के अलावा वित्त विभाग, कृषि विभाग, वन विभाग, पंचायती राज विभाग, ग्रामीण विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव या सचिव सदस्य होंगे।

निदेशक कृषि, बीएयू के प्रतिनिधि, बागवानी एवं कृषि शोध कार्यक्रम रांची, राष्ट्रीय द्वितेयक कृषि संस्थान रांची, समन्वयक एसएलबीसी, नाबार्ड रांची, कृषि एवं कल्याण विभाग भारत सरकार के प्रतिनिधि को सदस्य बनाया गया है। समिति की बैठक में वार्षिक कार्य योजना का प्रस्तुतीकरण संबंधित निदेशालय के प्रभारी निदेशक, मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी तैयार करेंगे। सारे योजनाओं में सीएस के अनुमोदन के बाद ही कार्य होगा।

# सीसीएल में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक संपन्न

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक शुक्रवार को सीसीएल निदेशक (कार्मिक), हर्ष नाथ मिश्र की अध्यक्षता में शुक्रवार को सीसीएल मुख्यालय में हुई। आयोजितकीगई। इस अवसर पर मुख्यांलय एवं क्षेत्र के राजभाषा के नोडल अधिकारी एवं अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए निदेशक (कार्मिक), हर्ष नाथ मिश्र ने कहा कि वर्तमान समय में आधुनिक तकनीकों का उपयोग कर और सुगमता से इसे प्रयोग में लाया जा सकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि हिन्दी जनसमान्य की भाषा है। इस दृष्टिकोण से अधिक से अधिक सूचनाओं का आदान-प्रदान एवं पत्राचार हिन्दी में ही करें और इसके लिए अपने अधिनस्थ कर्मियों को भी प्रेरित करें। बैठक में सहायक प्रबंधक (राजभाषा) दिविक दिवेश ने पावर प्वोइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से राजभाषा कार्यान्वयन से संबंधित रिपोर्ट को प्रस्तुत किया। अवसर विशेष पर हिन्दी में सर्वश्रेष्ठ प्रर्दशन करने वाले विभागों एवं क्षेत्रों को पुरस्कृत किया गया। बैठक का संचालन विभागाध्यक्ष(राजभाषा), संजय कुमार ने किया तथा बैठक को सफल बनाने में प्रबंधक (सचिवालय/राजभाषा) बलि राम सिंह, दिविक दिवेश एवं अन्य का सक्रिय सहयोग रहा ।

# नर्सों की सेवा भाव से मरीजों का दुख होता है कम : स्वास्थ्य मंत्री



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** विश्व नर्सिंग डे के मौके पर रिम्स में कार्यरत नर्सों के द्वारा शुक्रवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता शामिल हुए। वहीं कार्यक्रम में सांसद संजय सेठ, विधायक समरी लाल, रिम्स के निदेशक डॉ कामेश्वर प्रसाद, अधीक्षक डॉक्टर हीरेन बिरूवा, उपाधीक्षक डॉ एसके त्रिपाठी भी मौजूद रहे। बता दें कि वर्ष 1965 से हर वर्ष पूरे विश्व में फ्लोरेंस नाइटेंगल की याद में 12 मई को नर्स दिवस मनाया जाता है। कार्यक्रम को को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि वो हमेशा ही नर्सों के साथ खड़े रहते हैं। नर्स सिर्फ व्यवस्था नहीं, एक विश्वास हैं। कर्तव्य नहीं सेवा भाव का विश्वास है। नर्स की सेवा भाव मरीज को दुख में अपनों के होने का बोध कराता है। मंत्री ने कहा कि यदि स्वास्थ्य क्षेत्र में काम कर रही नर्स बहने ऐसे ही उनका साथ देती रही, तो वो दिन दूर नहीं जब हम गर्व से कह सकते हैं कि झारखंड एक समृद्ध और स्वस्थ राज्य है। बन्ना गुप्ता ने कहा कि नर्स डे के अवसर पर राज्य के सभी नर्सों को वह आश्वस्त करते हैं कि उनका मंत्री बन्ना गुप्ता उनके साथ है।

ही नियुक्ति प्रक्रिया के माध्यम से नए नर्सों की भी नियुक्ति की जाएगी और राज्य भर में नर्सों की संख्या बढ़ाई जाएगी। वहीं कार्यक्रम में मौजूद नर्सों ने कहा कि आज के कार्यक्रम के माध्यम से समाज को हम यह बताना चाहते हैं कि नर्सों की सेवा भावना को उचित सम्मान मिले, तभी एक समृद्ध और स्वस्थ राज्य की परिकल्पना की जा सकती है। रिम्स में कार्यरत नर्स आईवी रानी और अनीता कुमारी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग बेहतर कार्य कर रहा है, लेकिन अभी भी नर्सों की सुरक्षा और नियुक्ति को लेकर कार्य करने की जरूरत है ताकि रिम्स और राज्य के विभिन्न अस्पतालों में नर्सों की कमी को पूरी किया जा सके। कार्यक्रम में एशिया पैसिफिक सिंगापुर से डॉ. एसएमएफ पाशा, झारखण्ड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के महामंत्री अशोक कुमार सिंह के अतिरिक्त सुशांत कुमार साहू, संगठन महासचिव रिम्स अराजपत्रित कर्मचारी संघ उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता आइवी रानी खलखो एवं कार्यक्रम का संचालन सिस्टर सोनल सैमुअल एवं श्वेता आर्या ने किया.

## होटल ली लैक का नक्शा पास करने के मामला में हाईकोर्ट ने कहा

# आरआरडीए के अधिकारियों ने कोई षड्यंत्र नहीं किया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



रांची। झारखंड हाईकोर्ट ने होटल ली लैक के नक्शा विचलन मामले के सभी आरोपियों को आरोपों से मुक्त कर दिया है। हाइकोर्ट के जस्टिस आनंद सेन की अदालत ने इस मामले की सुनवाई के बाद 5 मई को आदेश पारित किया है। इस आदेश की कॉपी अपलोड कर दी गई है। सीबीआई ने होटल ली लैक का नक्शा पास करने के मामले में वर्ष 2011 में आरआरडीए के तत्कालीन टाउन प्लानर रामकुमार सिंह, तत्कालीन सचिव अजय शेखर, दुर्गानंद मिंज, स्टेट अफसर मनौव्वर आलम, जूनियर इंजीनियर नरेश प्रसाद सिंह व उमेश प्रसाद सिंह को आरोपी बनाया था। निचली अदालत ने इन सभी लोगों के खिलाफ दायर चार्जशीट को स्वीकार करते हुए संज्ञान भी लिया था। जिसे हाईकोर्ट ने निरस्त कर दिया है। 13 अक्टूबर 2022 को आरोपियों के द्वारा दाखिल याचिका पर सभी पक्षों की ओर से बहस और सुनवाई पूरी होने के बाद हाइकोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। हाईकोर्ट के इस फैसले से आरआरडीए के तत्कालीन सचिव अजय शेखर, तत्कालीन टाउन प्लानर रामकुमार सिंह, दुर्गानंद मिंज, स्टेट अफसर मनौव्वर आलम, जूनियर इंजीनियर नरेश प्रसाद सिंह व उमेश प्रसाद सिंह को बड़ी राहत मिली है।

### निचली अदालत द्वारा लिया गया संज्ञान सही नहीं

अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि निचली अदालत द्वारा लिया गया संज्ञान सही नहीं है और नक्शा पास करने में कोई भी अनियमितता नहीं बरती गई है और न ही पैसों का लेनदेन हुआ है। अदालत ने कहा कि जिसके पक्ष में नक्शा पास हुआ है वह आरोप मुक्त हो चुका है, तो नक्शा पास करने वाले आरोपी कैसे हो सकते हैं और आपराधिक षड्यंत्र कैसे कर सकते हैं। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट से इस केस में होटल ली लैक के संचालक विनय प्रकाश को राहत मिल चुकी है। अदालत ने उन्हें नक्शा पास करवाने के केस में दोषी नहीं पाया है।

# रिम्स में दो दिवसीय हृदय जांच शिविर का शुभारंभ आज

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** झारखंड हृदय चिकित्सा योजना के तहत दो दिवसीय निःशुल्क हृदय जांच शिविर की शुरूआत शनिवार को होगी। रिम्स में आयोजित जांच कैंप में राज्य भर के 1400 मरीजों को लाने का लक्ष्य रखा गया है। गौरतलब है कि प्रशांति मेडिकल सर्विसेज एंड रिसर्च फाउंडेशन द्वारा कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इसमें राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत मिले कार्डधारियों को मुफ्त चिकित्सा उपलब्ध करायी जाएगी। रिम्स में गहन स्क्रीनिंग के बाद गंभीर मरीजों का इलाज फाउंडेशन की ओर से राजकोट और अहमदाबाद में संचालित श्री सत्य साईं हृदय अस्पताल में किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग के निदेशक प्रमुख डॉ वीरेंद्र प्रसाद सिंह ने सभी सिविल सर्जन को अपने-अपने जिले से मरीजों को लाने का निर्देश दिया है।

**शनिवार को इन जिलों के मरीजों की होगी जांच :** रांची- 100, पूर्वी सिंहभूम -75, धनबाद- 75, बोकारो- 75, गिरिडीह -50, गुमला- 50, सरायकेला- 50, सिमडेगा- 50, पश्चिमी सिंहभूम- 50, देवघर- 75, पलामू- 75,चतरा- 50 मरीजों का होगी जांच।

**रविवार को इन जिलों के मरीजों की होगी जांच :** दुमका-50, गोड्डा-50, गढ़वा-50, जामताड़ा-50, कोडरमा-50, लातेहार-50, पाकुड़-50, साहिबगंज-50, हजारीबग-50, खूंटी-50 लोहरदगा-50, रामगढ़-50 के मरीजों की होगी जांच।

## आर्यन मामले में रांची में सीबीआई का छापा

**रांची।** केंद्रीय जांच ब्यूरो ने एनसीबी अधिकारी समीर वानखेड़े के खिलाफ दर्ज मामले और दो साल पहले कथित क्रूज ड्रगस मामले में शाहरूख खान के बेटे आर्यन खान को गिरफ्तार करने व आर्यन खान को नहीं फंसाने के मामले में 25 करोड़ रूपए की रिश्वत मांगने पर सीबीआइ ने समीर वानखेड़े और अन्य आरोपियों के ठिकानों पर छापेमारी की है। सीबीआई ने रांची, दिल्ली, मुंबई समेत 29 जगहों पर छापा मारा। गौरतलब हो कि वानखेड़े नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के मुंबई जोनल प्रमुख थे। जब उन्होंने और अन्य लोगों ने 2021 में शहर के तट पर क क्रूज पर छापा मारा था। इस मामले में आर्यन खान ने चार सप्ताह जेल में बिताया था। हालांकि, उन्हें मई 2022 में एंटी ड्रग्स एजेंसी ने पर्याप्त सबूतों के अभाव में सभी आरोपों से मुक्त कर दिया था।

# युवा को पूछो अभियान से खत्म होगी बेरोजगारी की समस्या : पंकज पांडेय

## रोजगार के मुद्दे पर सरकार को सहयोग करना भी लक्ष्य

### समाजसेवी नौजवान ने झारखंड में बेरोजगारों को बताया सबसे बड़ा मुद्दा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** युवा को पूछो अभियान के नेतृत्वकर्ता समाजसेवी पंकज पांडेय ने कहा कि झारखंड के लिए बेरोजगारी बड़ा अभिशाप है। श्री पांडेय ने शुक्रवार को कहा कि कोरोना की पहली लहर के समय उन्हें युवा को पूछा अभियान शुरू करने की प्रेरणा मिली थी। यह वो समय था जब लोग और खासकर युवा चिंतित और परेशान थे। कई लोगों ने अपने स्टार्टअप शुरू करने के लिए बैंक से कर्ज ले रखा था और उन्हें यह समझ नहीं आ रहा था कि वे आगे क्या करें। युवा को पूछो अभियान 1084 व्हाट्सएप ग्रुप बना कर जोड़ा। इस प्रकार से सभी युवाओं को एक प्लेटफॉर्म मिला, जहां पर लोगों ने ही एक दूसरे की मदद करनी शुरू की। मसलन जिसे अपने उत्पाद के लिए खरीदार की जरूरत थी उन्हें खरीदार मिले और जिन्हें अपने व्यापार के लिए मार्गदर्शन की जरूरत थी, उन्हें मार्गदर्शन मिला। इसके बाद युवा को पूछो अभियान ने परवान चढ़ना शुरू किया। उन्होंने कहा कि कई युवा आर्थिक रूप से असहाय होकर डिप्रेशन में चले गये थे। इस स्थिति से उबरने में युवा को पूछो अभियान ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। उन्होंने कहा कि हर हाल में इन युवाओं की मदद करनी चाहिये। युवाओं को बेरोजगारी व पलायन से बचाने में भी अभियान महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। इसके लिये सरकारी स्तर पर संरक्षण की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि युवा को पूछो अभियान रोजगार उपलब्ध कराने के मुद्दे पर राज्य सरकार को सहयोग करना चाहती है। उन्होंने कहा कि राज्य में सभी की भावनाओं के अनुरूप नियोजन नीति तैयार की जानी चाहिये। युवा को पूछो अभियान वह हथियार है, जिससे झारखंड में बेरोजगारी की समस्या खत्म की जा सकती है।

# श्री शतचंडी महायज्ञ पूणाहुति सह जागरण संपन्न



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** श्री शतचंडी महायज्ञ कल शुक्रवार को रूपा शाहदेव के पैतृक परिसर, सर्ड कैंपस, ओटीसी मैदान में पूर्णाहुति सह जागरण के साथ संपन्न हो गया। ज्ञात हो कि श्री शतचंडी महायज्ञ 21 मार्च से 31 मार्च 2023 तक हुआ था। यह यज्ञ भव्य और ऐतिहासिक रहा था और इस यज्ञ के सवा महीना के पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पूर्णाहुति होनी थी। इस यग को 11 पाठ के साथ हवन कर सम्पन्न किया गया। तदोपरांत ब्राम्हण भोजन, कन्या पूजन और भंडारा हुआ।

शाम 7 बजे से भव्य जागरण का कार्यक्रम भी हुआ, जिसमें चंदन तिवारी के भजनों पर भक्त झूमे। कार्यक्रम में श्री शतचंडी महायज्ञ की संरक्षिका रूपा सहदेव का पूर्ण सहयोग रहा। मौके पर सुनील सिंह, कुमुद झा, राजेश साह, शुभाष लाल, मिथलेश केशरी, सतीश झा, विनोद सिंहजी, रमाकांत ओझा, बैजू सोनी, बीरेंद्र साहू, डॉ एके लाल, सतीश झा, गनिता झा, अरुण सिंह, रीता राय, नीलू सिन्हा, मीनाक्षी सहदेव, मुन्ना जी, सिद्धार्थ, घनश्याम पांडेय, रवि रस्तोगी, रमाकांत गिरी, कृपाल साहू जी के साथ साथ पूरे कमिटी का पूर्ण सहयोग रहा।

स्पीड न्यूज

## मुखिया ने किया स्नान घाट निर्माण कार्य का शिलान्यास

**सोनाहातू।** प्रखंड के तेलवाडीह पंचायत के अंतर्गत एडरमहातू गांव में 15 वी वित्त आयोग की राशि से मानकी तालाब में स्नान घाट सीढ़ी निर्माण कार्य का शिलान्यास पंचायत के मुखिया सरिता देवी ने किया। इस अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि फणी भूषण सिंह मुंडा, उपमुखिया रीना देवी, वार्ड सदस्य रंजीत कुमार महतो, मनोरंजन हजाम, लालदेव गोस्वामी, गोवर्धन सेठ, अर्जुन सेठ, माधव सेठ, कैलाश महतो, अरुण कुमार कोईरी, दलेल चन्द्र महतो, चरकू हजाम आदि मौजूद थे।

## सिलागाईं में पांच किसानों के पानी मशीन की चोरी

**चान्हो।** थाना क्षेत्र के सिलागाईं में चोरों ने पांच किसानों के पानी मशीन को चुरा लिया। घटना गुरुवार रात की है। कोयल नदी के समीप मुखिया गुड़िया उरांव सहित रामदेव उरांव, दुरन साहू, रितेश उरांव और मुखिया पति मुन्ना पाहन के खेत में सिंचाई मशीन लगा हुआ था जिसे चुरा लिया गया। बताया जाता है कि दक्षिण कोयल नदी के समीप उपरोक्त किसानों का अपना अपना खेत है एजहां पटवन करने लिए बोरिंग और कुंआ में मशीन लगा कर रखा गया था, जिसपर चोरों ने हाथ साफ कर लिया। शुक्रवार सुबह जब किसान पटवन करने पहुंचे तो देखा कि मशीन गायब है। घटना की जानकारी मौखिक रूप से थाने को दी गई है।

## नाउज गांव में लगा बिजली बिल सूद माफी शिविर

**बुढ़मू।** शुक्रवार को प्रखंड के नाउज गांव में बिजली बिल सूद माफी शिविर लगाया गया। शिविर में उपभोक्ताओं को राहत देते हुए बकाया बिजली बिल के भुगतान में सूद की रकम माफ करते हुए समझौता के तहत किश्त में बिल के भुगतान की सुविधा दी गयी। मौके का लाभ उठाते हुए 12 उपभोक्ताओं ने योजना का लाभ उठाते हुए सात हजार पांच सौ रुपये तत्काल जमा किया। बाकी पैसा किश्त में भुगतना न करने का करार किया। मौके पर टेक्निकल असिस्टेंट नरेंद्र कुमार सिंह, ऐनुल अंसारी, रियाजुल अंसारी, दिनेश महतो, ऊर्जा मित्र पंकज शिखर उपस्थित थे।

## पिठोरियाः सिंचाई कूप योजना का भौतिक सत्यापन

**पिठोरिया।** शुक्रवार को ग्राम पंचायत उरुगुटू के उरुगुटू गांव सहित अन्य गांवों में आम बागवानी, सिंचाई कूप योजना का भौतिक सत्यापन किया गया। इसी दरम्यान बिरसा सिचाई कूप संवर्धन योजना अंतर्गत अशोक महतो के जमीन पर सिंचाई कूप निर्माण कार्य का आरंभ करने हेतु लेआउट किया गया। मौके मुखिया पूजा किस्पोट्टा, उप मुखिया मैनूल अंसारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, ग्राम रोजगार सेवक, मनरेगा मेट और योजना के लाभुक उपस्थित थे।

## डीएवी नीरजा सहाय के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**कांके।** 12 मई को कांके स्थित नीरजा सहाय डीएवी में सीबीएसइ द्वारा दसवीं एवं बारहवीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित होते ही खुशी की लहर दौड़ गई। विद्यालय के छात्रों का दसवीं में एवं बारहवीं के दो संकायों- विज्ञान एवं वाणिज्य में प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा।

# ग्रामीण बच्चों का मैट्रिक में बेहतर प्रदर्शन

## कलकत्ता पब्लिक स्कूल के सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उतीर्ण

### कृतिका सिंह स्कूल टॉपर

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** सीबीएसी ने शुक्रवार को मैट्रिक परीक्ष का परिणाम प्रकासित कर दिया गया, जिसमें प्रखंड के कलकता पब्लिक स्कूल ओरमांझी का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा है। सभी छात्र प्रथम श्रेणी में उतीर्ण हुए हैं। वहीं स्कूल की छात्रा कृतिका कुमार 96.2 फीसद अंक के साथ स्कूल टॉपर हुई। उन्नती सिंह 91.2, हर्ष सिन्हा 91, विवेक पांडेय 89 व आकाष कुमार 88 स्कूल के पांच टॉपरों में शमिल हैं। निदेषक प्रभाष झा ने सभी छात्रों को बधाई दी और बताया कि इस वर्ष स्कूल से 60 बच्चे परीक्षा दिए थे। जिनमें तीन छात्र 90 फीसद से उपर अंक लाए वहीं 24 छात्र 88 फीसद से उपर अंक लाकर स्कूल का मान बढाया है। सभी छात्रों के प्रथम श्रेणी में उतीर्ण होने पर प्राचार्य प्रियमदा झा सहित सभी शिक्षकों द्वारा हर्ष जताया गया है।




## बाघवार एकेडमी का रिजल्ट शत-प्रतिशत

**चान्हो।** बाघवार एकेडमी का दसवीं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में बाघवार एकेडमी का रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा। कुल 44 विद्यार्थी परीक्षा में भाग लिए थे। शोएब अंसारी 86.8 प्रतिशत लाकर अपने वर्ग में प्रथम स्थान रहाए गायत्री उराव को 82 प्रतिशत एवं श्रुति को 78.6 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए।

## आक्सब्रीज स्कूल के बच्चों का शानदार प्रदर्शन

**मांडर।** ऑक्सब्रीज स्कूल मांडर के बच्चों का सीबीएसई दसवीं बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया। शुक्रवार को जारी दशवीं की परीक्षा में परिणाम में कुल 139 बच्चे शामिल हुये थे जिसमें 83 प्रथम एवं 54 द्वितीय श्रेणी में उतीर्ण हुये। विद्यालय की अंजली ग्रेसी मिंज 93 प्रतिशत लाकर स्कूल रॉपर बनी वहीं आदित्य रंजन 92.6 प्रतिशत लाकर दूसरे स्थान प्राप्त किया। अर्चना खलखो और पीयूष कुमार साहु 90.6 प्रतिशत लाकर तीसरे स्थान पर रहे। विद्यालय के अंजली ग्रेसी मिंज समाज अध्ययन में 97, पियुष कुमार साहु कम्प्युटर में 97, गणित में 96 और विज्ञान में 95 अंक प्राप्त किये। प्राचर्या इयोन ई एक्का सबी विद्यार्थियों को बधाई देते हुये उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

## मवि उरुगुट्टू के मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा में लहराया परचम

**ठाकुरगांव।** राजकीय मध्य विद्यालय उरुगुट्टू के छात्रों ने राष्ट्रीय साधन सह मेधा छात्रवृत्ति योजना में सफलता हासिल कर परचम लहराया है। स्कूल के शिक्षक पोखराज प्रसाद सिन्हा के मार्गदर्शन में छात्र नीतीश कुमार महतोएप्रेम कुमार महली तथा फरहान अकरम ने उतीर्ण होकर क्षेत्र का नाम रोशन मिया है। इन सफल छात्रों को अगले चार वर्षों तक 12 हजार रुपये छात्रवृत्ति केंद्र सरकार से मिलेगा। साथ ही स्कूल के छात्रों प्रेम कुमार महली व सारंग मुंडा ने फिनांसियल लिट्रेसी क्विज प्रतियोगिता में दूसरे स्थान में आकर सफलता पाई है। छात्रों के सफलता पर मुखिया पूजा किस्पोट्टा, उपमुखिया मैनुल अंसारी, पंसस तारा देवी, जियाउल हक, हसनैन अंसारी, सुरेश महतो, लाल रणविजय शाहदेव ने हर्ष व्यक्त किया है।

## रामकृष्णा अकादमी का रिजल्ट शत-प्रतिशत

**बुढ़मू।** रामकृष्णा अकादमी सिदरोल सीबीएसई दसवीं कक्षा का परीक्षाफल बेहतर रहा। सोनू कुमार ने 81 फिसदी अंक लाकर विद्यालय में टॉप किया। संतोष कुमार, रानी, काजल, किरण, विवेक, श्रृष्टि और दीपिका कुमारी ने 70 फिसदी से अधिक अंक प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार ने बताया कि विद्यालय का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा है।

# रातू में बाइक के धक्के से आइसक्रीम विक्रेता की मौत

## हुरहुरी का था मो सलीम

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** रातू-ठाकुरगांव रोड स्थित पेट्रोल पंप के समीप शुक्रवार की शाम करीब सात बजे 125 सीसी की पल्सर मोटर साइकिल जेएच 01 डीएच 2856 के धक्के से आइसक्रीम विक्रेता 34 वर्षीय मो सलीम की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। जबकि बाइक चालक सुनिल उरांव घायल हो गया। मृतक हुरहुरी का रहने वाला था, जबकि सुनिल मलमाडू का है। उसके सिर पर गंभीर चोंटे आयी है। उसे कमलेश मेमोरियल ट्रस्ट हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में भर्ती कराया गया है। पुलिस दुर्घटनाग्रस्त बाइक को जब्त कर थाने ले आयी है। हादसे के बाद गांव में मातमी सन्नाटा है। पत्नी शबनम आरा व सास नजमा खातून समेत परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। शबनम बेहोश हो रही थी। मृतक चार बच्चे का बाप था। तीन पुत्र और एक पुत्री है।

### कैसे घटी घटना

मो सलीम होचर में लगने वाले साप्ताहिक शुक्रवार बाजार आइसक्रीम बेचने गया था। वह शाम साढ़े छह बजे बाजार से ठेला लेकर चला। जैसे ही वह पेट्रोल पंप के समीप पहुंचा कि विपरीत दिशा से आ रहे नशे में धुत सुनिल उरांव ने उसे अपनी चपेट में ले लिया।

## रातूः कृषक उवि में सड़क सुरक्षा पर कार्यक्रम

**रातू।** परिवहन विभाग की ओर से कृषक उवि गड़री गुडू में सड़क सुरक्षा के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें सरकार की तत्परता प्रदर्शित की गयी। इस दौरान ग्रामीणों को वाहन चलाते समय सीट बेल्ट व हेलमेट पहनने जैसे सुरक्षा उपायों की जानकारी दी गयी। लोगों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील कर सुरक्षा के प्रति सजग रहने पर जोर दिया गया। मौके पर अभय कुमार, अशोक कुमार, सीमा कुमारी, नलनी रंजन प्रसाद मौजूद थे।

# मानव सेवा का जीवंत उदाहरण है नर्सिंग

## बिजुलिया के बुद्धा नर्सिंग कॉलेज में मना विश्व नर्स दिवस

● कई प्रतियोगिताएं हुई आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता




**रातू।** जैनेंद्र ग्रुप ऑफ कॉलेज के तहत बिजुलिया में संचालित बुद्धा नर्सिंग कॉलेज व जैनेन्द्र नर्सिंग कॉलेज में शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पखवाडा मनाया गया। समारोह में प्रबंध निदेशक जैनेंद्र कुमार बतौर मुख्य अतिथि थे। उन्होंने दीप प्रज्जवलित तथा महात्मा बुद्ध की चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि नर्सिंग मानव सेवा का जीवंत उदाहरण है कठिन परिस्थितियों में बीमार लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाना और उनका देखभाल नर्स की नैतिक जिम्मेदारी है। संस्थान के निदेशक प्रियांशु कुमार, एकेडमिक हेड आशीष कुमार एवं नर्सिंग विभाग के कॉ-ऑडिनेटर शहनावाज आलम ने भी अपनी बातें रखी। इसके उपरांत खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें सभी विभागों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया और कला की छटा बिखेरी। श्री कुमार ने उन्हें पुरस्कृत कर उनके उज्ज्वल भविष्य की भी कामना की। पुरस्कार पाकर छात्र-छात्रायें उत्साहित नजर आये।

### इन्होंने निभाई भूमिका

निदेशक हिमांशु सिंह, दीपक रज्जक, प्रतिभा केरकेट्टा, सोनाली कुमारी, आमिर सुहैल, अबरार अंसारी, साकिब आलम, कुंदन कुमार, कृष्णकांत रंजन, जुगनू कुमार, परमेश्वर महतो, आरपी सिंह व कॉलेज के कर्मचारी आदि।

## छात्रा आत्महत्या मामले में प्रेमी पर केस

**मांडर।** मांडर कॉलेज की छात्रा फुलमनी उरांव के फांसी लगाकर आत्महत्या करने के मामले को लेकर परिजनों द्वारा उसके प्रेमी के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। उसके प्रेमी चान्हो के नौदी निवासी मंगू उरांव के विरुद्ध मांडर थाना में प्राथमिकी भी शुक्रवार को दर्ज करायी गयी है। प्राथमिकी के अनुसार फुलमनी उरांव का पिछले तीन साल से मंगू उरांव से प्रेम संबंध था। इस दौरान उसने फुलमनी से शारीरिक संबंध भी बनाये थे। दोनों के प्रेम संबंध को लेकर पंचायत आयोजित की गई थी जिसमें दोनों की शादी कराने की सहमति बनी थी। दो दिन पूर्व दस मई को किसी के विवाह में फुलमनी नौदी गांव गयी थी, जहां वह अपने प्रेमी से मिली। मंगू ने 11 मई को फुलमनी को बाइक में चान्हो तक पहुंचाया था और उसने फुलमनी से कहा था कि वह उससे शादी नहीं करना चाहता है तथा आज के बाद वह उससे बात भी नहीं करेगा। वहां से घर वापस लौटने के बाद फुलमनी ने इसकी जानकारी अपनी मां को भी दी और बाद में इसी तनाव में उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मांडर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## बेड़ोः डीएवी विवेकानंद का रिजल्ट शत-प्रतिशत

**बेड़ो।** बेड़ो के डीएवी विवेकानंद स्कूल के दसवीं कक्षा के बच्चों का शत प्रतिशत रिजल्ट रहा। कुल 22 बच्चों में से 20 बच्चे प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। वहीं 2 बच्चे द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। शिक्षकों ने शुभकामनाएं दी है।

## जैनेंद्र नर्सिंग कॉलेज में नर्सिंग-डे कार्यक्रम

**ओरमांझी।** अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग-डे के अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के जैनेंद्र नर्सिंग कॉलेज उकरीद ओरमांझी में शुक्रवार को नर्सिंग-डे पर विषेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर कॉलेज में सांस्कृति कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ। जिसमें कई छात्र-छात्राओं द्वारा नृत्य व गीत प्रस्तुत किए। कॉलेज के प्रबंध निदेशक भंते जैनेंद्र तथागत ने केक काट कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं को नर्सिंग-डे की बधाई व शुभकामना दी और नर्सिंग-डे मनाने का उद्देश्य बताया। उन्होंने कहा कि नर्सिंग एक ऐसा प्रोफेशन है जिसमें रोजगार के साथ सेवा का भी अवसर मिलते हैं। मरीज नवजात हो या वृद्ध नर्सें सेवा करतीं हैं।

# खेत में बने कुआं में गिरा हाथी, काफी मशक्कत के बाद निकाला गया बाहर

## पंडाडीह-तिलाईपीड़ी गांव के बीच शाम सात बजे हुई घटना

खबर मन्त्र संवाददाता



**सोनाहातू।** थाना क्षेत्र के पंडाडीह-तिलाईपीडी के बीच खेत में बने कुंआ में एक हाथी गिरा गया है। घटना शुक्रवार शाम 7 बजे के आसपास की है। ग्रामीणों के अनुसार शाम को जंगल से हाथी निकल गया कुंआ में गिर गया। कुंआ पुराना ओर सूखा हुआ है। घटना की जानकारी पर उप प्रमुख प्रतिनिधि निशिकांत गोंझुएहाथी मित्र तापस कर्मकारएमलखान महतो वन विभाग को सूचना दिये।वन विभाग से तालमेल बना कर हाथी मित्र के द्वारा जेसीबी मशीन मंगवा कर कुंआ को खोदकर रास्ता बनाया गया जिससे हाथी बाहर निकल पाया। साढ़े आठ बजे हाथी को कुंआ से बाहर निकाला गया। ग्रामीणों के अनुसार हाथी बूढ़ा हो चुका हैएओर चलने .दौड़ने में परेशानी हो रही है।

# रातूः पैगाम-ए-इंसानियत सम्मेलन कल, कई धर्मगुरु होंगे शामिल

## बानापीड़ी में होगा प्रोग्राम

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** मानवता पूरी दुनिया की जरूरत है। इसके बिना तरक्की और अमन की बात बेमानी होगी। सभी धर्मों का सम्मान समय की मांग है। इसी उद्देश्य को लेकर मदरसा दारुल उलूम जाड़ी बानापीड़ी में 14 मई को सुबह 9 से दिन के 1 बजे से दो दिनी पैगाम ए इंसानियत सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इसमें विभिन धर्म के अगुआ और विद्वान हिस्सा लेंगे। इसमें हिंदू मुस्लिम एकता मंच के संस्थापक लक्ष्मी शंकराचार्य खास मेहमान होंगे। वहीं अन्य अतिथियों में बाबाधाम देवघर के पंडित अजय मिश्र व रांची गुरुद्वारा के गुरमीत सिंह आदि शामिल हैं।

### कार्यशाला आज

मौलाना मजहरी ने बताया कि 13 मई की शाम यहां कार्यशाला होगा। इसमें झारखंड के अलावा बिहार, उड़ीसा, छत्तीसगढ़ समेत मिजोरम, मणिपुर, मेघालय, असम, नागालैंड, त्रिपुरा व अरुणाचल प्रदेश के धर्म अगुआ भाग लेंगे। उन्होंने राजधानी रांची और उसके समीपवर्ती ग्रामीण क्षेत्र के लोगों से सम्मेलन में हिस्सा लेकर इसे सफल बनाने की अपील की है।

# युवक की पीट-पीट कर हत्या मामले में आधा दर्जन को जेल

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के होरेदाग में चोरी के आरोपित मिथुन सिंह खरवार को पिट-पिटकर हत्या मामले में ओरमांझी पुलिस द्वारा शुक्रवार को गांव के आधा दर्जन लोगों को जेल भेज दिया गया। जेल जाने वालों में राहुल मुंडा 18 वर्ष, नीरज मुंडा 20 वर्ष सुकेश मुंडा 26 वर्ष, सीताराम सिंह 26 वर्ष, संजु देवी 50 वर्ष व सांचो देवी 60 वर्ष शामिल है। गुरुवार रात तीन बजे के करीब घटना तब हुई थी जब वह नंदलाल मुंडा के घर चोरी करने गया था, जिसके बाद उन्मादी भिड़ द्वारा उसकी हत्या कर दी गई थी। घटना के बाद जेल भेजे गए लोगों के साथ नंदलाल मुंडा, मुकेश मुंडा, रविंद्र मुंडा, त्रिथनाथ सिंह खरवार व गोविंद सिंह खरवार को भी पुलिस द्वारा गिरफ्तर किया गया था। बताया गया कि किसी को मालूम नही था कि पिटाई के बाद मिथुन सिंह खरवार की मौत हो गई है। घटना के बाद जब पुलिस गांव से उसे उठा कर ला रहा था। तो सभी पुलिस वाहन व अपने वाहन में थाना पहुंचे थें। बाद में सीएचसी में मौत की पुष्टि होने के बाद सभी को गिरफ्तार कर लिया गया था। शुक्रवार को पोस्टमार्टम होने के बाद शव स्वजन को सौंप दिया गया। ओरमांझी थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि पुलिस अभी जांच कर रही है।

# फ्लोरेंस कॉलेज ऑफ नर्सिंग में मना नर्सिंग डे

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** फ्लोरेंस कॉलेज ऑफ नर्सिंग में शुक्रवार को नर्सेज-डे का आयोजन हुआ। इसके अलावा अमृता नर्सिंग कॉलेज, सनराईज कॉलेज ऑफ नर्सिंग हुटुप में भी नर्सिंग-डे पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। फ्लोरेंस में मुख्य अतिथि संस्थान के सचिव जीनत कौसर द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर व केक काटकर नर्सिंग छात्र-छात्राओं को बधाई दी और कहा नर्सों के बगैर हॉस्पिटल कि कल्पना नहीं की जा सकती है। नर्स के बेहतर ईलाज व सेवा से ही मरीज गंभीर से गंभीर बीमारियों से निजात पाते हैं। हॉस्पिटल में नर्स ही मरीजों की देखभाल करती हैं। समारोह में कॉलेज निदेशक डॉ शाहीन कौसर, डॉ नाजनीन कौसर, अबू नसर, प्राचार्या प्रमिला बक्सला, सुधीर कुमार, जुली किस्कू, बिनीता खलखो, वर्षा कुमारी मौजूद थीं।




कार्यक्रम के मंच पर अतिथि और छात्राएं।

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, धनबाद।
मोबाईल नं0 : 8789242462 Email : rdsd.dhanbad@rediffmail.com
पत्रांकः– 470 धनबाद/दिनांक–11.05.2023
कार्यालय आदेश
इस कार्यालय के पत्रांक 294 दिनांक 27.03.2023 के द्वारा आमंत्रित अति अल्पकालीन ई0 निविदा आमंत्रण सूचना सं0–29/2022-23/RDSD/EE/Dhanbad/Gr 01 जिसका PR No. 293763 Rural Development(22-23):D में प्रकाशित निविदा को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।
(ई0 नरेन्द्र कुमार)
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, धनबाद
PR 297232 Rural Work Department(23-24)D

ई – प्रोक्योरमेन्ट सेल मुख्य अभियंता का कार्यालय, कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड, रांची।
ई–प्रोक्योरमेन्ट नोटिस
टेन्डर रेफरेन्स नं0–BCD/CE/16/Latehar/2023-24 दिनांक–12-05-2023

| Sl.No | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | Construction of 150 Bedded Hostel in schedule Tribe Residential School Mahuadanr,Latehar | Rs. 3,90,79,816.00 | 11 माह |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 18-05-2023 |
| 3 | वेबसाइट पर बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि / समय | 07-06-2023 up to 11:00 A.M |
| 4 | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | ई – प्रोक्योरमेन्ट सेल मुख्य अभियंता का कार्यालय, कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग, भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, रांची। |
| 5 | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9631476651 |
| 6 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 9835316593 |

किसी भी प्रकार का बदलाव http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
●अन्य किसी भी प्रकार की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
Note: UCAN Registration is mandatory for the Bidders
नोडल पदाधिकारी ई – प्रोक्योरमेन्ट सेल, मुख्य अभियंता का कार्यालय, कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग, भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, रांची।
PR 297274 Building(23-24)D

MINOR IRRIGATION DIVISION, LOHARDAGA
e-Procurement Notice
Very Short Tender Reference No. WRD /MID/LOHARDAGA/F2-02/2023-24 Date – 12/05/2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Date of Publication of Tender on website | 16/05/2023 up to 5.00 PM |
| 2. | Last date/Time for receipt of bids online | 23/05/2023 up to 5.00 PM |
| 3. | Last date for receipt of bids fee and security | 24/05/2023 up to 3.00 PM |
| 4. | Date of opening of Tender | 25/05/2023 up to 1.00 PM |
| 5. | Last date for receipt of e-Tender hard copy of Bid's Fee, Security & Other Documents at | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Lohardaga. |
| 5. | Name & address of office inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Lohardaga |
| 6. | (a) Contact No. of e-Procurement officer<br>(b) E-Mail of e-Procurement officer | 06526 223508<br>eemidloha-cemr-jhr@nic.in |
| 7. | Helpline Number of e-Procurement cell | 0651-2491232 |

Details of Works :-

| Sl. No | Block | Name of Work | Estimated Cost (in Lac) | Cost of BOQ (in Lac) | Earnest Money (in Lac) | Last Date of Work Complition |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Kisko | Construction of Toilet & Kitchen in Rajkiyakrit Utkramit Madhya Vidyalaya at Vill- Bethat. | 17.46463 | 0.5000 | 0.35000 | 02 Months |

Note :- Only e-Tender will be accepted
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in
Executive Engineer
Minor Irrigation Division, Lohardaga
PR 297262 Lohardaga (23-24)_D

कार्यालय, जिला परिषद,गुमला
अति अल्पाकालीन बन्दोबस्ती सूचना
हाट बाजार बंदोबस्ती हेतु आम सूचना
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड सरकार के संकल्प संख्या 1376/दिनांक 01.04.2015 के द्वारा सैरातों की बंदोबस्ती हेतु त्रिस्तरीय पंचायतों को शक्तियां प्रत्यायोजित की गई है, जिसके अनुसार 100000.00 (एक लाख) रूपये से अधिक राशि की सैरात की बंदोबस्ती जिला परिषद् स्तर से की जाएगी।
दिनांक 28.03.2023 को संपन्न जिला परिषद्, गुमला की बैठक में लिए गए निर्णय व दिनांक 11.05.2023 की बैठक में निर्धारित दर के आलोक में गुमला जिला अन्तर्गत निम्नलिखित बाजार हाटों की बन्दोबस्ती की जानी है।
अतः एतद् द्वारा गुमला जिला अन्तर्गत निम्नांकित हाट बाजार की खुली डाक द्वारा बंदोबस्ती हेतु सर्वसाधारण से प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है :–

| क्र0 | प्रखण्ड | हाट बाजार का नाम | वर्ष 2023–24 हेतु डाक की तिथि | समय | डाक की न्यूनतम राशि (एक वर्ष के लिये) | अग्रधन की राशि (10%) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | सिसई | सिसई हाट | 25.05.2023 | 3.00 बजे अप0 | 750000 (सात लाख पचास हजार) | 75000 (पचहतर हजार मात्र) |
| 2 | भरनो | भरनो दक्षिणी | 25.05.2023 | 3.00 बजे अप0 | 250000 (दो लाख पचास हजार) | 25000 (पचीस हजार मात्र) |

उपरोक्त हाट बाजार के बंदोबस्ती हेतु गुमला जिला के निवासी भाग ले सकते हैं। इस खुली डाक में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को दिनांक 24.05.2023 तक कॉलम संख्या– 7 में निर्धारित अग्रधन राशि बैंक ड्राफ्ट जो सचिव, जिला परिषद्, गुमला के पदनाम से प्रतिज्ञित एवं गुमला में भुगतेय होगा आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।
विस्तृत आम सूचना के नियम व शर्तें गुमला जिला के वेबसाइट– www.gumla.nic.in/ जिला परिषद् के सूचना पट्ट/अनुमण्डल कार्यालय/प्रखण्ड कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।
कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद,गुमला
PR 297213 Rural Development(23-24).D

JAPIT
Jharkhand Agency for Promotion of Information Technology
(An Autonomous body under Department of Information Technology & e-Governance, Govt of Jharkhand) Ground Floor, Engineer's Hostel – I, Near Golchakkar, Dhurwa, Ranchi, Jharkhand Phone. 0651-2401044, 2401047 email: japit_doit@rediffmail.com
CORRIGENDUM-V
Selection of System Integrator for Upgradation, Operation and Maintenance of Jharkhand State Data Centre 2.0 (JHSDC 2.0)
Tender Ref No. JAPIT/JH-SDC2.0/01/2023
With reference to the above tender, it is hereby informed that the date has modified as under:

| S.N | Basic Requirement | Specific Requirement |
|---|---|---|
| 1. | Last Date for Submission of Bids online | 31/05/2023 up to 6:00 PM. |
| 2. | Last Date for Submission of Tender Fee, EMD and Technical Document offline | 02/06/2023 at 3:00 PM |
| 3. | Date of Opening of Technical Bid | 02/06/2023 at 3:30 PM |
| 4. | Date of Commercial Bid opening | To be Informed Later |

PR Ref No. 289890
PR297258 (Information Technology)23-24*D
Sd/-
CEO, JAP-IT

## स्पीड न्यूज

### तरहसी : फरार अभियुक्त गिरफ्तार



**तरहसी पलामू।** तरहसी थाना कांड संख्या 13/2020 एनडीपीएस एक्ट के तहत फरार चल रहे अभियुक्त आदित्य यादव पिता नागदेव यादव ग्राम हिंदिया पोस्ट उदयपूरा थाना तरहसी वर्ष 2020 से फरार चल रहे थे। आदित्य यादव अवैध पोस्ता की खेती करने व क्रय विक्रय के आरोप हैं। तरहसी थाना प्रभारी जयप्रकाश पासवान ने कहा कि गुप्त सूचना के आधार पर व पांकी थाना प्रभारी रंजीत यादव के द्वारा आरोपी आदित्य यादव को 11 मई को पांकी से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में मेदनीनगर भेज दिया गया है।

### जिले के विभिन्न क्षेत्रों के युवाओं ने भाजपा का दामन थामा



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के विभिन्न क्षेत्रों से सैकड़ो युवाओं ने भाजपा और मोदी सरकार की नीतियों में आस्था व्यक्त करते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इसे लेकर भाजपा जिला कार्यालय मेदिनीनगर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष विजया नंद पाठक, पूर्व सांसद भाजपा नेता मनोज कुमार, विधायक पुष्पा देवी, विधायक शशिभूषण मेहता, संचालक श्याम बाबू, विधायक प्रतिनिधि अशोक तिवारी,बजरंग दल के संयोजक विवेक चौबे, शशि भूषण मिश्रा, संदीप दास और सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे। सभी नव आंगतुक सदस्यों का स्वागत माला पहनाकर किया गया। मौके पर पूर्व सांसद मनोज कुमार ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बडी राजनीतिक पार्टी है। पार्टी के गहरे मूल्यों और प्रखर केंद्रीय नेतृत्व की वजह से भाजपा जन जन की पार्टी बन चुकी है।

### संगठन के सशक्तिकरण को लेकर कांग्रेस ने की बैठक



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक की अध्यक्षता में सभी प्रखंड अध्यक्षों की बैठक की गई। प्रखंड पंचायत एवं जिला में चल रहे कार्यक्रम की समीक्षा की गई। बैठक में सभी प्रखंड अध्यक्षों को बिट्टू पाठक ने कहा कि प्रखंड मंडल एवं पंचायत गठन के बाद बूथ स्तर पर संगठन को बनाने को लेकर जिला कांग्रेस गंभीर है। उन्होंने कहा कि सभी प्रखंड अध्यक्ष मंडल अध्यक्ष एवं पंचायत अध्यक्ष को पूरे ईमानदारी एवं गंभीरतापूर्वक मिशन 2024 में के तहत लग जाएं। बैठक में प्रमुख रूप से कार्यालय प्रभारी जितेंद्र कमलापुरी, सत्येंद्र सिंह, नगर अध्यक्ष राजेश चौरसिया, सतबरवा प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद यादव, चैनपुर प्रखंड अध्यक्ष सुनील दुबे, रामगढ़ प्रखंड अध्यक्ष महावीर प्रसाद, नावा प्रखंड अध्यक्ष मीर खुर्शीद आलम, पाटन प्रखंड अध्यक्ष अभय पांडे, तरहसी प्रखंड अध्यक्ष खुर्शीद आलम ,सदर प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र तिवारी, पड़वा प्रखंड अध्यक्ष सिराजुद्दीन अंसारी, छतरपुर प्रखंड अध्यक्ष गोपाल सिंह, नौडिहा प्रखंड अध्यक्ष परवेज आलम, मनातू प्रखंड अध्यक्ष विष्णुदेव यादव, लेस्लीगंज प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र शुक्ला, हैदर नगर प्रखंड अध्यक्ष गुप्तेश्वर पांडे, मोहम्मद गंज प्रखंड अध्यक्ष नदीम खान, पिपरा प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप सिंह, उतारी प्रखंड अध्यक्ष रिंकू सिंह, पांडू प्रखंड अध्यक्ष सच्चिदानंद शुक्ला, शैलेश मेहता, विनोद मेहता, रविंद्र कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

### परशुराम सेना युवा वाहिनी ने जताया शोक

**मेदिनीनगर।** दुख के क्षणों में आगे बढ़ कर हांथ थाम कर राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी ने सभी समाज के लिए आईकन बनने का जो कार्य किया है। उसकी काफी सराहना की जा रही है। युवा वाहिनी के सदस्यो ने छात्र नेता के मौत पर शोक जताया है। छात्र नेता सुजीत पांडेय (विदेशी पांडेय)की गुरुवार को सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी और मृतक के शव को रखने की समस्या मृतक के परिवार के समक्ष खड़ा हो गई थी। ऐसे में राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी ने आगे बढ़ अपने प्रदेश कार्यालय में शव को रखने की समुचित व्यवस्था की। मौके पर राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के प्रदेश कोर कमेटी सदस्य नवीन तिवारी व अनुशासन प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष संतोष तिवारी तत्काल मृतक परिवार के घर पहुंचे जहां पहले से युवा वाहिनी के गढ़वा जिला प्रभारी फोटू दूबे,सोनू दूबे, चंदन दूबे सहित कई सेना के सदस्य मौजूद थे। राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के प्रदेश कार्यालय में शव रखने के बाद सैकड़ों लोग वहां दर्शनार्थ पहुंचे । इस दौरान युवा वाहिनी के भी सभी सदस्य व पदाधिकारी थे।

### एमके डीएवी के छात्रों ने 10वीं व 12वीं परीक्षा परिणाम में किया कीर्तिमान स्थापित



**मेदिनीनगर।** सीबीएसई के द्वारा मैट्रिक इंटर परीक्षा परिणाम की घोषणा कर दी गई है। इसमें एमके डीएवी पब्लिक स्कूल चियाकी के छात्र छात्राओं का बेहतर प्रदर्शन रहा है। दसवीं कक्षा की छात्रा प्रेरणा कुमारी जिला टॉपर बन कर विद्यालय का नाम रोशन की है ।वहीं दूसरी ओर इंटर परीक्षा परिणाम में अनुप्रिया कुमारी साइंस में एवं कॉमर्स में प्रिंस दारू ने अवल स्थान प्राप्त किया है। डी.ए.वी प्रबंध कर्तृ समिति नई दिल्ली के प्रधान आर्यरत्न पद्मश्री डॉ पूनम सूरी एवं आर्यवीर डॉक्टर जेपी शूर डायरेक्टर पी.एस-1 के आशीष की छत्रछाया में संचालित एम. के. डी. ए.वी .पब्लिक स्कूल के छात्रों का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। सत्र 2022-23 में विज्ञान वर्ग में कुल 238 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिया। जिसमे99 .58प्रतिशत छात्रों ने पास किया ।वहीं वाणिज्य में कुल101परीक्षार्थी थे। जिसमें सौ प्रतिशत छात्रों ने पास किया ।90 प्रतिशत और उससे ऊपर अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या विज्ञान में 25 तथा वाणिज्य में16रही है। विज्ञान वर्ग में145 एवं वाणिज्य में 62 बच्चों ने डिस्टिंक्शन और उससे ऊपर अंक प्राप्त किया। छात्र प्रिंस दारूका ने अकाउंटेंसी में 100, अनुप्रिया एवं श्रेया सिंह ने आई.पी.में 100 अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया। विज्ञान वर्ग में अनुप्रिया कुमारी 97प्रतिशत,अभय कुमार यादव 95 .58,राज आर्यन 95 .2, अरण्या मिश्रा 95,कनिष्का 94 .8,राज पांडे 93 .8,शिवानी गिरी 93 .6,आदित्य राज 93 .4, खुशी गुप्ता 93 .2,साक्षी प्रिया 92 .8,उत्कर्ष मृदुल 92,रूद्र प्रताप गुप्ता 92 .2,मूनसत मनसूर 92,आर्यन मिश्रा 91 .18,प्रिय राज 91 .8,तेजस कुमार दुबे 91 .6,प्रीति रानी 91 .6ईशान पांडे 91 .4,इशिका पोद्दार 90 .2,मानस कुमार तिवारी 90 .2,अंशुमन गायकवाड 90 .2, अभिषेक रंजन 90 .2, राज उत्कर्ष 90 .2, ऋषि कुमार 90 एवं वंदना तिवारी ने 90,प्रतिशत अंक प्राप्त किया। वही वाणिज्य वर्ग में प्रिंस दारूका 96 .6, प्रियांशु कुमार 96 .4, आन्या कमल 95 .2, श्रेया सिंह 95, वर्षा कुमारी 95, रूष्टी उदयपुरी 94, प्रतीक कुमार सराफ 93 .8, जूली कुमारी 93 .8,प्रत्यय पांडे 93, प्रीति अग्रवाल 92 .4, प्रियदर्शिनी कुमारी 91 .4,ऋतंभरा सिंह 91 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। जबकी दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में प्रेरणा, श्रुति एवं राजहंस बने टॉपर। इसमें कुल 340 छात्रों ने परीक्षा दिया। जिसमें 99 .11 प्रतिशत छात्रों ने सफलता प्राप्त किया। इसमें प्रेरणा कुमारी ने 97 .8, श्रुति सिंह ने 97, राजहंस 96 .8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में शीर्ष स्थान पर रहे। वहीं श्रद्धा रानी ने संस्कृत में, राजहंस ने गणित में प्रेरणा कुमारी ने सामाजिक विज्ञान तथा प्रेरणा एवं सुप्रिया ने आई.टी. में 100 अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया।

# पौधों को भी पानी की आवश्यकता : प्रथम महापौर







**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** इन दिनों प्रथम महापौर अरुणा शंकर द्वारा अपने निजी खर्च से लगाए गए सार्वजनिक जगह पर सैकड़ों नीला-सफेद कंक्रीट बेंच, कचहरी ओवर ब्रिज एवं पूरन चंद सेतु पर लगा तिरंगा फ्लोरोसेंट लाइट जो शहर की खूबसूरती को बढ़ा रहा है। इसके बाद हर चौक चौराहे, रेलवे स्टेशन रोड डिवाइडर, कोयल रिवर फ्रंट, गांधी उद्यान में अपने निजी खर्च से फूल पत्ती में दवा, खाद एवं पानी का छिड़काव अपने वाहन द्वारा सुबह शाम कराना चर्चा का विषय बना हुआ है। इस संबंध में प्रथम महापौर से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि जैसे गर्मी के दिनों में लोगों को टैंकर से पानी आपूर्ति की जा रही है उसी तरह आज हमारे चौक चौराहों एवं पार्क में लगे खूबसूरत फूल पौधों जहां लोग सम्मान के साथ खड़े होकर सेल्फी ले रहे हैं को भी खाद, दवा एवं पानी के छिड़काव की आवश्यकता है। जिसे किसी ना किसी को शहर की इस खूबसूरती को बनाए रखने के लिए दायित्व लेने की आवश्यकता थी ताकि हमारा निगम क्षेत्र भी हरा भरा बना रहे और चुकी मेरे कार्यकाल में निगम ने यह सब बड़े शौक के साथ सजाया है इसलिए मैंने स्वयं निजी खर्च से अपनी गाड़ी देकर एक माली और ड्राइवर के साथ सुबह शाम पानी का छिड़काव कराना प्रारंभ कर दी ताकि गर्मी में भी लगाए गए फूल पत्ती पौधे तंदुरुस्त एवं हरा-भरा बना रहे। मौके पर प्रथम महापौर ने निगम के सभी लोगों से अनुरोध किया है यह आपका शहर है इसे सजाने एवं सुव्यवस्थित करने में निगम की मदद करें। प्रथम महापौर द्वारा कराई जा रही निजी खर्चे से इस तरह के कार्य की प्रशंसा हर जगह हो रही है। एक सवाल के जवाब में प्रथम महापौर ने कहा कि मैं आधिकारिक रूप से निगम का कार्य भले ही नहीं कर सकती लेकिन सामाजिक रुप से निगम के हर उस कार्य में मेरी भागीदारी रहेगी जिससे मेरा शहर स्वच्छ स्वास्थ्य एवं हरा-भरा बना रहे।

# सांसद ने किया रांची-सासाराम-रांची इंटरसिटी एक्स ट्रेन के हैदरनगर स्टेशन पर ठहराव का शुभारंभ

## ठहराव शुरू होने से लोगों को काफी सुविधा होगी : विष्णुदयाल राम

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर/हैदरनगर।** सांसद विष्णुदयाल राम ने शुक्रवार को प्रातः 4:48 बजे हैदरनगर स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में ट्रेन को हरी झंडी दिखाते हुए रवाना कर 18635/36 रांची-सासाराम-रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन के हैदरनगर स्टेशन पर ठहराव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में हो रहे रेल विकास कार्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। रांची-सासाराम- इंटरसिटी एक्सप्रेस के हैदरनगर स्टेशन पर ठहराव हेतु रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव को भी बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस ट्रेन के हैदरनगर स्टेशन पर ठहराव शुरू हो जाने से आसपास के क्षेत्र के लोगों को काफी सुविधा होगी। सांसद पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत हैदरनगर रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल थे। इस अवसर पर भाजपा कार्यसमिति सदस्य विनोद कुमार सिंह, कामेश्वर कुशवाहा, अशोक चौहान, प्रफुल्ल कुमार सिंह, रविंद्र कुमार सिंह, रामप्रवेश सिंह, रामेश्वर राम, संतोष कुमार सिंह, सोमेश सिंह, मंडल अध्यक्ष, सांसद प्रतिनिध, दीनदयाल उपाध्याय मंडल के रेलवे पदाधिकारीगण, सात पंचायत के मुखिया, भाजपा कार्यकर्ता, आम यात्री एवं ग्रामीण मौजूद थे।

### बसपा नेता ने निमिया गांव का किया भ्रमण, ग्रामीणों की सुनी समस्या

# गांवों में मूलभूत सुविधा बहाल करायेंगे : अभिमन्यु सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** बसपा नेता सह वरिष्ठ समाजसेवी अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलू सिंह ने शुक्रवार को बिश्रामपुर प्रखंड के अल्पसंख्यक बहुल्य गांव निमिया का भ्रमण किया।

सिंह निमिया गांव के जनसमस्याओं से रूबरू हुए। इस क्रम में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। ग्रामीणों ने अपनी समस्या रखते हुए कहा कि अब तक के जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र के मुस्लिमो को सिर्फ वोट बैंक की तरह इस्तेमाल किया। मुस्लिम गांवो के विकास हेतु कुछ भी नहीं किया। गांव की मूलभूत समस्याएं



ग्रामीणों के साथ बसपा नेता अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलू सिंह।

आज भी यथावत है। बबलू सिंह ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि समस्याओं के समाधान हेतु सार्थक प्रयास किया जायेगा। समस्याओं से आला अधिकारियों को अवगत कराया जायेगा। गांव में मूलभूत सुविधाएं बहाल कराई जायेगी। मौके पर बसपा नेता सह नप अध्यक्ष प्रतिनिधि नईमुद्दीन अंसारी, उस्मान अंसारी, निवर्तमान वार्ड पार्षद सलीमुद्दीन अंसारी, प्रवीण सिंह, जसीम अंसारी,करीम अंसारी,नियामत अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

# 12वीं की परीक्षा में ऑक्सफोर्ड स्कूल के सभी विद्यार्थी उतीर्ण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के बारहवीं के प्रथम वैच के विद्यार्थियों ने एआईएसएससी के परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। विज्ञान संकाय एवं वाणिज्य संकाय के कूल 21 विद्यार्थियों में सभी उत्तीर्ण हुए हैं। इस प्रकार विद्यालय का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। विज्ञान संकाय के तन्मय राय 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर रहा। वहीं दूसरे स्थान पर कुमकुम कुमारी 92 प्रतिशत अंक प्राप्त की। 80 प्रतिशत से उपर लाने वाले विद्यार्थियों की संख्या 10 है। 70 प्रतिशत से अधिक लाने वाले विद्यार्थियों की संख्या 15 है। वाणिज्य संकाय के पियुष कुमार अग्रवाल ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर रहा। शेष सभी 5 विद्यार्थियों का प्राप्तांक 70 प्रतिशत से उपर है। विद्यालय के निदेशक डॉ एस वी पी मेहता ने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी। उन्होने बताया विद्यालय प्रथम वर्ष में ही सफलता का परचम लहराया।

विद्यालय के प्राचार्य डॉ ए के सिंह परीक्षाफल पर संतोष जाहिर की एवं सभी सफल विद्यार्थियों को शुभ कामना दी। उन्होने बताया कि विद्यार्थियों के प्रदर्शन के अनुसार परीक्षाफल अपेक्षा से कम है फिर भी काफी संतोष जनक है। जिसका श्रेय सभी विद्यार्थियों के कठिन मेहनत, अभिभावकों का सहयोग एवं शिक्षकों को जाता है।





### बोर्ड परीक्षा में खुशी ने 90 प्रतिशत अंक लाकर किया नाम रौशन



**बिश्रामपुर।** बिश्रामपुर की बिटिया खुशी ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत अंक लाकर क्षेत्र का नाम रौशन किया है। खुशी राजद नेता सह युवा समाजसेवी ओम प्रकाश गुप्ता उर्फ गुड्डू गुप्ता की बेटी है। खुशी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों सहित माता पिता को दिया है। खुशी आईएस बनाना चाहती है। खुशी की इस सफलता से बिश्रामपुर के लोगों में हर्ष व्याप्त है।

# सीबीएसई 12वीं में ज्ञान निकेतन स्कूल का रिजल्ट शत प्रतिशत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** सीबीएसई 12वीं की परीक्षा में विमला पाण्डेय मेमोरियल ज्ञान निकेतन स्कूल का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। परीक्षाफल पर विद्यालय के प्राचार्य मनोहर पाण्डेय ने बताया कि इस परीक्षा में विद्यालय के 59 छात्र छात्राएं विज्ञान संकाय की परीक्षा में शामिल हुए और सभी उत्तीर्ण घोषित किए गए। उन्होंने परीक्षाफल पर प्रसन्नता व्यक्त की।उन्होंने बताया कि 96.2% अंक प्राप्त कर कैथरीन पाण्डेय तथा भास्कर कुमार ने संयुक्त रूप से विद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं हैनसी आर्यन को 95.2 % अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ, तथा प्रविन्द कुमार ने 91.8 % अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय स्तर पर प्रथम दस में सौरभ कुमार दुबे 90.8% तथा सुप्रिया कुमारी 90.8%, आयुष कुमार दुबे 90.6%, शुभम कुमार 89.8%, क्षितिज कुमार दुबे 87.2%, जाह्नवी कुमारी 86%, अदिति कुमारी 84.8% तथा विकाश कुमार 84.6% ने भी स्थान प्राप्त करने में सफल रहें। विद्यालय के अध्यक्ष बलिराम शर्मा ने परीक्षाफल को आशा के अनुरूप बताते हुए सभी उत्तीर्ण छात्र छात्राओं तथा उनके अभिभावकों को अपनी शुभकामनायें दी तथा कहा कि यह परिणाम विदयार्थियों के साथ साथ शिक्षकों के लग्न एवं परिश्रम का फल है। विद्यालय के सचिव सत्येन्द्र कुमार तथा प्रशासक राम कृपाल सिंह ने भी बेहतर परीक्षाफल पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी छात्र -छात्राओं एवं शिक्षकों को अपनी शुभकामनायें दी।

### जीजीपीएस के छात्रों ने 12वीं की परीक्षा में लहराया परचम



**मेदिनीनगर।** सीबीएसई के द्वारा बारहवीं का परीक्षाफल प्रकाशित किया गया जिसमें विद्यालय का प्रदर्शन प्रशंसनीय रहा है। विज्ञान संकाय में 84 विद्यार्थी सम्मिलित हुए जिनमें 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों की संख्या 3 है। 80 से 90 प्रतिशत के बीच अंक लाने वाले विद्यार्थियों की संख्या 5 एवं 60 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों की संख्या 58 रही। शेष 18 विद्यार्थियों ने 50 से 60 प्रतिशत के बीच अंक प्राप्त किया। विज्ञान संकाय में 92 प्रतिशत अंक के साथ सौरभ चौबे ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। वाणिज्य संकाय का परीक्षाफल उत्कृष्ट रहा है। इसमें आठ विद्यार्थी उपस्थित रहे थे जिनमें 80 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले 4 विद्यार्थी और 4 विद्यार्थियों ने 50 प्रतिशत से 80 प्रतिशत के बीच अंक प्राप्त किये। अनुश्री एवं अभिनव प्रकाश ने 84 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय का नाम रौशन किया है। विद्यालय के संरक्षक इन्दर सिंह नामधारी ने परीक्षा में विद्यार्थियों के प्रदर्शन पर संतोष व्यक्त किया है और उनके सुखद भविष्य की कामना की है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य पार्थ प्रतिम गुप्ता ने छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर कहा कि छात्रों ने अपने श्रम का फल प्राप्त किया है निश्चित रूप से सभी बधाई के पात्र हैं। विद्यालय के उपाचार्य विकास चन्द्र झा, अनुज कुमार पाठक, विजय कुमार पाण्डेय ने छात्रों को बधाई दी है।

# हेरिटेज स्कूल के सभी छात्र प्रथम श्रेणी से उतीर्ण









**मेदिनीनगर।** चियांकी स्थित हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल के 12वीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय से विज्ञान संकाय में 98 एवं वाणिज्य में 36 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। जिसमें सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उतीर्ण हुए। इस सफलता से पूरे विद्यालय परिवार में हर्ष है। अध्यक्ष ज्ञान शंकर, निर्देशिका संगीता शंकर व प्रधानाचार्य बिजु जोसफ ने सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। विज्ञान संकाय में क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करनेवाले छात्रों में हार्दिक द्विवेदी 97 प्रतिशत, शिफा रहमान 95.2 प्रतिशत, मुस्कान प्रिया 92.8 प्रतिशत शामिल रहे। वहीं दूसरी ओर वाणिज्य संकाय में क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर अदिती अग्रवाल 92.8 प्रतिशत, आयुष भगत 92.6 प्रतिशत, रिमझिम रंजन व एमन फातिमा बक्श 91.2 प्रतिशत अंक लाकर अपनी सफलता के कीर्तिमान स्थापित किये।

### पंचायत स्तर पर होगा सेवा संपुष्टि : बीईओ



**हुसैनाबाद पलामू।** क्षेत्र सह प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रामनरेश राम ने प्रखण्ड कार्यालय के मुख्य सभागार कक्ष में पंचायत स्तरीय प्रशासनिक सह अनुशासनिक प्राधिकार एवं प्रखण्ड के सभी पंचायत समिति एवं मुखिया तथा सहायक अध्यापकों एवं पंचायत सचिव के साथ बैठक की। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्र शिक्षा सह बीईओ ने की एवं संचालन शिक्षा विभाग के बीपीओ जयराम मेहता ने किया। बैठक में सरकारी विद्यालयों में कार्यरत पंचायत स्तरीय इण्टरमीडिएट कोटि के सहायक अध्यापकों सम्प्रति पारा शिक्षकों के 4 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि के लिए पंचायत स्तरीय प्रशासनिक सह अनुशासनिक प्राधिकार पर चर्चा किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से जल्द ही पंचायत सचिवालय में बैठक का आयोजन कर पंचायत अंतर्गत इण्टरमीडिएट कोटि के सभी सहायक अध्यापक सम्प्रति पारा शिक्षकों की सेवा संपुष्टि करने एवं आवश्यक कार्रवाई करते हुए सरकार एवं विभाग को अग्रसारित करते हुए प्रतिवेदित किया जाएगा। बैठक में मुखिया संघ के अध्यक्ष श्रवण राम, सभी पंचायत के समिति व मुखिया,अध्यापक संघ हुसैनाबाद के अध्यक्ष पप्पु पटेल, मनोज कुमार, सतीश कुमार सिंह, विजय कुमार मेहता और धर्मेंद्र कुमार सिंह उपस्थित थे।

### साहेबगंज के राजस्व उपनिरीक्षक की हत्या करने की घटना का पलामू निरीक्षक संघ ने किया विरोध



**मेदिनीनगर।** जिला राजस्व निरीक्षक संघ के के जिला अध्यक्ष धर्मराज मिश्र की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक में साहेबगंज के राजस्व उपनिरीक्षक सेट महतो को अपराधी द्वारा गोली मार कर हत्या कर दी गई। इस घटना का संघ ने घोर निंदा किया। सभी एक दिन कलम बंद हड़ताल पर रहे। जो शत-प्रतिशत सफल रहा। संघ के अध्यक्ष धर्मराज मिश्र,सचिव महावीर प्रसाद ने कहा कि किसी भी अपराधी को संघ की तरफ से बख्शा नहीं जाएगा। नेता द्वय ने राज्य सरकार से मांग किया है कि अपराधियों पर कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया जाए और सुरक्षा व्यवस्था मुहैया कराया जाये। उन्होंने कहा कि पलामू जिला के राजस्व उपनिरीक्षक श्रीकांत दास के साथ अपराधी द्वारा भी गाली गलौज किया गया है व जान से मारने की धमकी भी दी गई है। जिसका एफ आई आर कर दिया गया है। बैठक में सेवानिवृत्त राजस्व निरीक्षकों की विदाई,सेवा संपुष्टि, लैपटॉप तथा अन्य मुद्दों पर चर्चा किया गया। बैठक में शशि कुमार, वरुण कुमार, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार अंबेडकर, सुरेंद्र कुमार, अमित कुमार, मुन्ना कुमार, प्रजापतिरवि कुमार, दीपक कुमार पांडे, निक्सन कुमार, दीपक पांडे, यशवंत कुमार, सुनील कुमार केसरी, विकास मिंज के अलावे अन्य राजस्व निरीक्षक उपस्थित थे।

# 12वीं की परीक्षा में रोटरी स्कूल का बेहतर प्रदर्शन

## विज्ञान संकाय में साक्षी 92 प्रतिशत और वाणिज्य में हर्ष 71 प्रतिशत अंक लाकर बना टॉपर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** सीबीएसई बारहवीं का परीक्षाफल शुक्रवार को घोषित किया गया जिसमें रोटरी स्कूल, चैनपुर का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा। इस वर्ष विज्ञान संकाय में विद्यालय के 52 विद्यार्थी थे जिसमें सभी विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी से सफलता हासिल की। जबकि वाणिज्य संकाय में 5 विद्यार्थी एवं कला संकाय में 2 विद्यार्थी थे जिसमें सभी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विज्ञान संकाय में साक्षी गुप्ता ने 91.8 प्रतिशत अंक, वाणिज्य संकाय में हर्ष कुमार ने 71.4 प्रतिशतअंक तथा कला संकाय में पुष्पांकर जय अजयने 84 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में अपने अपने संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विज्ञान संकाय के टॉप पांच विद्यार्थियों में साक्षी गुप्ता (91.8%), आर्यन सिंह (91.6%), अयान अफरीदी(90%), नेहा कुमारी (90%) एवं रुद्राक्ष कुमार (89.8%) का नाम शामिल है।

**स्नेहा बनी प्रमंडलीय टॉपर**

स्कूल के चेयरमैन रो अनुग्रह नारायण शर्मा और प्राचार्य अश्लेष कुमार पांडेय ने टेंथ की छात्रा स्नेहा की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त किया है। स्नेहा ने 10वीं की परीक्षा में 98.2% अंक लाकर प्रमंडल में रोटरी स्कूल का मान बढ़ाया।

# ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के द्वितीय बैच (वर्ग दसवीं) का शानदार प्रदर्शन, सागर कुमार बने विद्यालय टॉपर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के वर्ग 10 (द्वितीय बैच) का परीक्षाफल शानदार रहा। विद्यालय का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा।

सागर कुमार मेहता ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर रहा। अमन पांड्ये 93.2 अंक प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान एवं अश्विनी रंजन 92.2 प्रतिशत अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय में कुल नामांकित 38 विद्यार्थियों में 07 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से ऊपर, 27 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से ऊपर, 36 विद्यार्थियों ने 70 प्रतिशत से ऊपर शेष दो विद्यार्थियों ने 60 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त कर विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ ए के सिंह ने सभी विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यार्थियों का परीक्षाफल उत्साहवर्धक है।

हमारा संकल्प है, कि हम शिक्षा के क्षेत्र में सबसे महत्वपूर्ण उदाहरण पेश करेंगे। जिसका श्रेय सभी विद्यार्थियों के कठिन मेहनत अभिभावकों का सहयोग एवं शिक्षकों को जाता है।

भविष्य में भी हम परीक्षा परिणाम को और बेहतर कर विद्यालय का नाम रौशन करेंगे। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक सह पॉकी विधायक डॉ शशिभूषण प्रसाद मेहता जी ने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी।

